31 मार्च **1997** को प्रचालित कुल लाइसेंसों की संख्या **12602** तक पहुँच गयी है (*देखें* आकृति **3**)।

प्रमाणन प्रचालन में वृद्धि को देखते हुए, मुख्यतया पश्चिमी क्षेत्र में, पुणे और नागपुर निरीक्षण कार्यालयों का दर्जा **16** जनवरी **1997** से बढ़ाकर शाखा कार्यालय कर दिया गया है।

उत्पाद प्रमाणन योजना के अन्तर्गत प्रचालित लाईसेंसों/आवेदकों का मूल्यांकन

वर्ष के दौरान आवेदकों की ओद्यौगिक यूनिटों में विद्यमान गुणता नियन्त्रण पद्वति और साज सामान के निर्धारण हेतु **2 125** प्रारंभिक निरीक्षण किये गए। प्रमाणन चिन्ह योजना की मॉनीटरिंग करने के लिए **13 900** आवधिक निरीक्षण और **25 416** विविध प्रकार के निरीक्षण भी किये गए जिनमें उत्पाद की नयी किस्मों का समावेश, चिन्हांकन का पुनः आरंभ तथा अन्य कई निरीक्षण शामिल हैं।

वर्ष के दौरान **13 931** फैक्ट्री नमूने और **10 883** नमूने बाजार से लिए गए।

भामा ब्यूरो प्रमाणन योजना का अन्तर्राष्ट्रीयकरण

पहली बार एक विदेशी उत्पादक मैसर्स भूटान बोर्ड प्राडक्ट लि०, ताला, भूटान ने भामा ब्यूरो प्रमाणन लाईसेंस के लिए दो आवेदन पत्र भेजे हैं। आवेदनों को रिकार्ड किया गया और भूटान सरकार के साथ समझौते के ज्ञापन को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

प्रमाणन प्रचालन का पुनरीक्षण

वर्ष के दौरान भामा ब्यूरो प्रमाणन योजना के प्रचालन को सुचारू बनाने के लिए फीड बैक प्राप्त करने हेतु सीमेंट, मृदु इस्पात ट्यूब, वायरिंग साधन, एच.डी.पी.ई. और यू.पी.वी.सी. पाईप फिटिंग, पेन्टस और अग्नि शामक उपकरण इत्यादि के उत्पाद लाइसेंसधारियों के साथ **21** पुनरीक्षण बैठकें आयोजित की गईं।

प्रवर्तन सक्रियता

वर्ष के दौरान भामा ब्यूरो द्वारा मानक चिन्ह के दुरूपयोग की जाँच को प्रभावी बनाने का कार्य जारी रहा। वर्ष के दौरान सीमेंट, मृदु इस्पात ट्यूब, जी.एल.एस. लैम्पों जैसे उत्पाद और अन्य उपभोक्ता

starters, sweetened partly skimmed milk powder, and chequered cement concrete tiles.

The total number of Indian Standards against which products have been certified since inception of scheme rose to 1 473. Income from certification marked a 9 percent rise over the previous year to close at Rs. 399.34 million.

The total number of operative licences as on 31 March 1997 stood at 12 602 (*see* Fig. 3).

With the growth of certification operations, particularly in the western sector, the inspection offices functioning at Pune and Nagpur were upgraded to full fledged Branch Offices with effect from 16 January 1997.

Assessment of Operative Licences/ Applicants under Product Certification Scheme

During the year, 2 125 preliminary inspections were carried out to assess the applicant units for their infrastructure and quality control systems. 13 900 periodic inspections were carried out for monitoring the operation of Certification Marks Scheme and 25 416 miscellaneous type of inspections were also conducted to cover inclusion of new varieties, resumption of markings, lot inspections, etc.
During the year, 13 931 factory samples and 10 883 market samples were drawn.

Internationalization of BIS Certification Scheme

For the first time, two applications seeking grant of BIS certification licences were received from a foreign manufacturer M/s. Bhutan Board Products Ltd, Tala, Bhutan. The applications were recorded and efforts were underway for finalizing the Memorandum of Understanding with the Royal Government of Bhutan.

Review of Certification Operation

In order to acquire feed back into the operation of the BIS Certification Scheme, 21 review meetings with licensees in the product areas of cement, mild steel tubes, wiring accessories, HDPE & UPVC pipe fittings, paints and fire fighting equipment, etc, were organized during the year.

Enforcement Activities

The job of effectively checking misuse of BIS Standard Mark continued during the year. As many as 27 raids were carried out during the year on units misusing BIS Standard Mark on products like cement,

उत्पादों पर भामा ब्यूरो प्रमाणन चिन्ह के दुरूपयोग को रोकने के लिए 27 छापे मारे गये। वर्ष के दौरान भामा ब्यूरो अधिनियम के अनुच्छेद 33 के अन्तर्गत मानक चिन्ह के दुरूपयोग के लिए विभिन्न न्यायालयों में 10 मामले कानूनी अभियोजन में दर्ज किये गये। दो मामलों में सी.आई. पाईप फिटिंग और स्टैम्प पैड स्याही पर मानक चिन्ह के दुरूपयोग में आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार दिया। सी.आई. पाईप फिटिंग में मानक चिन्ह दुरूपयोग के मामले में पाँच उत्पाद भागीदारों पर 25 000 रूपये प्रति भागीदार दण्ड लगाया गया जो कुल 1.25 लाख रूपये है और यदि दण्ड जमा नहीं कराया गया तो उन्हें छः माह की साधारण कैद की सजा दी जाएगी।

प्रवर्तन पर स्थायी समिति

4 मार्च 1997 को नई दिल्ली में प्रवर्तन पर स्थायी समिति की चौथी बैठक का आयोजन किया गया। समिति ने प्रत्येक राज्य में एक अलग प्रवर्तन उपसमिति बनाने की, गुणता नियन्त्रण आदेशों पर उपयुक्त प्राधिकार का प्रस्ताव, भामा ब्यूरो को भामा ब्यूरो अधिनियम के उल्लघंन की जाँच के लिए अधिक शक्तियाँ देने और उपभोक्ता संगठनों के माध्यम से प्रवर्तन क्रियाकलापों से संबंधित सूचना के प्रचार-प्रसार हेतु सिफारिश की। कर्नाटक राज्य की आठवीं राज्य स्तरीय समन्वय समिति की 30 जनवरी 1997 को आयोजित बैठक में प्रवर्तन सक्रियता के लिए एक अलग उपसमिति बनायी गयी।

जागरूकता

व्यापारियों और उपभोक्ताओं को उनके पास जाकर शिक्षित कराने के उद्देश्य से भामा ब्यूरो ने देश के बड़े-बड़े बाजारों में लगभग पचास प्रवर्तन प्रचार शिविरों का आयोजन किया। मृदु इस्पात टयूबों के गुणता नियंत्रण आदेश के कार्यान्वयन के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किए गए।

गुणता पद्धति प्रमाणन

वर्ष के दौरान 74 गुणता पद्धति प्रमाणन लाइसेंस मंजूर किए गए। इनमें 71 लाइसेंस आई.एस./आई.एस.ओ. 9002 : 1994 के अनुसार और 3 लाइसेंस आई.एस./आई.एस.ओ. 9001 : 1994 के अनुसार थे जो रसायन, वस्त्रादि, सीमेंट, बिजली, औषधीय, बैंकिंग, गोला बारूद, ऑटोमोबाइल पार्टस, डिब्बा बंद भोजन/पेय, मुद्रण, दूरसंचार, लकड़ी उत्पाद, पेपर, स्वास्थ्य, निर्माण इत्यादि क्षेत्रों से संबंधित थे। वर्ष के दौरान पहली बार भामा ब्यूरो ने शल्य उपकरण, मुद्रण, स्वास्थ्य और भवन निर्माण क्षेत्रों के लिए गुणता पद्धति प्रमाण पत्र मंजूर किये। 31 मार्च 1997 को गुणता पद्धति प्रमाणन लाइसेंसो की कुल संख्या 285 तक पहुंच गयी (*देखें* आकृति 4)।

mild steel tubes, GLS lamps and other consumer products. During the year 10 cases for legal prosecution were filed in various courts under Section 33 of BIS Act for misuse of Standard Mark. In two cases, the courts convicted the accused for misuse of BIS Standad Mark on Cast Iron Pipe Fittings and stamp pad ink respectively. The fine imposed in the CI pipe fitings misuse case as above was Rs. 25 000 each on 5 partners aggregating to Rs. 1.25 lakhs and in default simple imprisonment of six months.

Standing Committee on Enforcement

The Fourth meeting of the Standing Committee on Enforcement was held at New Delhi on 4 March 1997. The committee recommended setting up of separate enforcement subcommittees in each state, provision of 'Appropriate Authority' in Quality Control Orders, more powers to BIS to check violation of BIS Act and dissemination of information relating to enforcement activities through consumer organizations. During the eighth State Level Coordination Committee of Karnataka State held on 30 January 1997, a separate subcommittee for enforcement activities was formed.

Awareness

In order to educate traders and consumers at their doorsteps, BIS organized over 50 enforcement drives in major markets of the country. Special enforcement drives were conducted for implementing Mild Steel Tubes Quality Control Order.

Quality Systems Certification

During the year 74 quality systems certification licences were granted. Of these 71 were as per IS/ISO 9002 : 1994 and 3 as per IS/ISO 9001 : 1994 covering industrial sectors, such as chemicals, textiles, cement, electricals, pharmaceuticals, banking, ammunition, automobile parts, packed food/drinks, printing, telecommunications, wood products, paper, health, construction, etc. During the year, for the first time surgical devices, printing, health and construction sectors have been granted quality systems certificates by BIS. The total number of Quality Systems Certification licences as on 31 March 1997 stood at 285 (*see* Fig. 4).



आकृति 4 गुणता पद्धति प्रमाणन लाइसेंसो की संख्या (31 मार्च को)

Fig. 4 Number of Quality System Certification Licences (as on 31 March)

भामा ब्यूरो की गुणता पद्धति प्रमाणन योजना का प्रत्यायन

भामा ब्यूरो की गुणता पद्धति प्रमाणन योजना को राड वूर डी एक्रिडिटेटी (आर.वी.ए.), नीदरलैंड द्वारा प्रत्यायित किया गया है। वर्ष के दौरान आर.वी.ए. ने एक निगरानी ऑडिट किया और गुणता पद्धति प्रमाण के प्रचालन को संतोषजनक पाया।

Accreditation of BIS QSCS

BIS Quality Systems Certification Scheme (QSCS) has been accredited by Raad voor Accreditatie (RvA), Netherlands. During the year, RvA carried out one surveillance audit and found the operation of Quality Systems Certification Scheme to their satisfaction.

प्रशिक्षण

वर्ष के दौरान नई दिल्ली में गुणता पद्धति से संबंधित ऑडिटकर्त्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे उनके ज्ञान एवं निपुणता में वृद्धि हुई।

Training

A training programme was organized for auditors during the year in New Delhi which helped in developing the knowledge and skills of the auditing personnel.

पूर्व प्रमाणन सेवाएँ

वर्ष के दौरान छः संगठनों में गुणता प्रबंधन पद्धति हेतु प्रायोगिक मूल्यांकन आयोजित किये गए। ये संगठन गुणता प्रबंधन पद्धति के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में हैं।

Pre-certification Services

During the year, trial assessments of Quality Management Systems were conducted at six organizations which are in the process of implementing Quality Management Systems.

गुणता पद्धति प्रमाणन योजना समिति की बैठक

गुणता पद्धति प्रमाणन योजना के प्रचालन से संबंधित नीतिगत मामलों के निर्धारण, प्रचालन की पुनरीक्षा और नीतियों के कार्यान्वयन तथा वित्तीय क्रियाकलापों के

QSCS Committee Meeting

BIS QSCS Committee which is responsible for formulation of policy matters relating to the operation of Quality Systems Certification Scheme, reviewing the operation and implementing its policies and reviewing the financial affairs, held its fifth meeting under the Chairmanship of Director General, BIS on 1 November 1996.

सूचना सेवाएँ

INFORMATION SERVICES

पूछताछ सेवा

भामा ब्यूरो ने व्यापार में तकनीकी अवरोध पर गैट समझौते के अन्तर्गत डब्ल्यू.टी.ओ. – गैट पूछताछ केन्द्र और आइसोनेट (आई.एस.ओ. नेटवर्क) सदस्य के रूप में उद्योग, सरकारी अभिकरणों, व्यक्तियों आदि को अपनी सेवाएँ देनी जारी रखी।

Enquiry Service

BIS continued to provide its services as WTO-GATT enquiry point under the GATT Agreement on technical barriers to trade and as ISONET (ISO Information Network) member to the industry, government agencies, individuals, etc.

सूचना बुलेटिन

उपयोगकर्ताओं को मानकीकरण और गुणता पद्धति के बारे में अद्यतन सूचना उपलब्ध कराने के लिए भामा ब्यूरो निम्नलिखित सूचना बुलेटिनों का नियमित रूप से प्रकाशन करता है : (i) स्टैंडर्डस् इंडिया (मासिक, अंग्रेजी पत्रिका), (ii) स्टैंडर्डस् वर्ल्डओवर – मन्थली एडीशन (iii) करेंट पब्लिशड इन्फोरमेशन ऑन स्टैंडर्डाईज़ेशन, (मासिक), (iv) ई.सी. नोर्म स्कैन (ई.सी. – मानकीकरण न्यूज) (त्रैमासिक), (v) स्टैंडर्डस् : मंथली एडीशन्स (vi) बी.आई.एस. हैंडबुक, (vii) मानकदूत (त्रैमासिक हिन्दी पत्रिका), और (viii) एडीशन्स टू लायब्रेरी बुक्स

Information Bulletins

To keep the users abreast with the latest development in standardization and quality systems, following information bulletins are brought out by BIS regularly: (i) Standards India (monthly, English journal), (ii) Standards Worldover – Monthly Additions, (iii) Current published information on Standardization (monthly), (iv) E.C. Norm Scan (Standardization News of E.C.) (quarterly), (v) Standards :

एंड पेम्फलेटस।

Monthly Additions, (vi) BIS Handbook, (vii) Manakdoot (Quarterly Hindi journal), and (viii) Additions to Library Books and Pamphlets.

डाटाबेस सेवाएँ

भामा ब्यूरो ने बॉयर्स गाइड, मानकों की संदर्भ पुस्तिकाओं पर डाटाबेस सेवाएँ उद्योग निर्यातकों तथा मानक निर्धारण कार्य में लगे व्यक्तियों, को देनी जारी रखीं।

बायर्स गाइड – बायर्स गाइड भामा ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना के अन्तर्गत शामिल उत्पादों का डाटाबेस है। इसमें लाईसेंसधारी का नाम, पता, आईएससंख्या, लाईसेंस संख्या वैद्यता सहित, फर्म की स्थिति आदि शामिल है।

संदर्भ सेवा – 1980 से भामा ब्यूरो 'मानकसंदर्भिका' नामक विश्व मानकों का डाटाबेस उपलब्ध करा रहा है। इस सूचना सेवा में विश्व में विद्यमान मानकों की सूचना दी जाती है।

Database Services

BIS continued to provide database on Buyers' Guide, bibliography of standards to the industry, exporters and to those engaged in standards formulation.

Buyers' Guide - Buyers' Guide is a database of products covered under Certification Marks Scheme of BIS and includes name, address of the licensee, IS No., Licence No. with its validity, status of the firm, etc.

Bibliographic Service - BIS has been maintaining, since 1980, a database of World Standards entitled 'Manaksandarbhika'. This information service is intended to provide information on existing standards worldwide.

पुस्तकालय सेवाएँ

वर्ष के दौरान मुख्यालय और चार क्षेत्रीय कार्यालयों मुम्बई, कलक्ता, चंडीगढ़, चेन्नई के पुस्तकालयों में 13 500 पुस्तकों, मानकों आदि की वृद्धि की गई।

1 270 व्यक्ति और संगठन पुस्तकालय के विभिन्न वर्गों के सदस्य हैं। इनमें से 130 सदस्य इस वर्ष बने। व्यापार और उद्योग के प्रतिनिधियों और भामा ब्यूरो के अधिकारियों और स्टाफ के लिए लगभग 50 000 प्रकाशन/मानक उन्हें पढ़ने के लिए दिये गये अथवा उनके नाम जारी किये गए।

7 हजार आगन्तुकों को संदर्भ सूचनाएँ उपलब्ध करायी गयीं जिसमें 21 व्यापक विषय संदर्भ-सूची बनाने, उनकी आवश्यकता के अनुरूप संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराने और 3 100 जिज्ञासा प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी सहायता की गई।

Library Services

During the year, library at headquarters and at the four regional offices at Mumbai, Calcutta, Chandigarh, Chennai added to its collection 13 500 books, standards, etc.

The Library has 1 270 individuals and organizations as current members in various categories. Out of this 130 members have joined during this year. About 50 000 publications/standards were consulted or issued to the representatives of trade and industry as well as officers and staff of BIS.

Reference services were provided to 7 000 visitors by way of preparing 21 exhaustive subject bibliographies, making available the reference materials of their choice and by answering 3 100 querries received from them.

प्रयोगशाला सेवाएँ
LABORATORY SERVICES

भामा ब्यूरो ने देश मे फैली अपनी आठ प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से सम्बद्ध भारतीय मानकों के प्रति प्रमाणित उत्पादों की अनुरुपता की जाँच के लिए परीक्षण गतिविधियाँ तथा परीक्षण सेवाएँ जारी रखी। वर्ष के दौरान विभिन्न प्रकार के व्यापक उत्पादों के लिए 27 863 परीक्षण रिपोर्टें भामा ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी की गई। परीक्षण मूल्य 273.1 लाख रुपये रहा।

The network of eight BIS laboratories spread throughout the country continued to provide testing services and test related activities to undertake conformity testing of BIS certified products against relevant Indian Standards. During the year 27 863 test reports were issued by BIS laboratories covering a wide range of products, the test value being Rs. 27.31 million.

गुणता आश्वासन गतिविधियाँ

केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद ने राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशशोधन प्रत्यायन परिषद (एन.ए.बी.एल.) से अभियांत्रिकी (परीक्षण एवं अंशशोधन दोनों) एवं जैविकी क्षेत्र में परीक्षण प्रत्यायन प्राप्त किया और रासायनिक परीक्षण, विद्युत परीक्षण एवं विद्युत अंशशोधन क्षेत्र में प्रत्यायन के लिए संस्तुति की गई है। पश्चिम क्षेत्रीय प्रयोगशाला का भी एन.ए.बी.एल. द्वारा मूल्यांकन किया गया और रासायनिक, अभियांत्रिकी एवं विद्युत क्षेत्र में प्रत्यायन की संस्तुति की गई है।

Quality Assurance Activities

The Central Laboratory, Sahibabad received accreditation in the field of Mechanical (both testing and calibration) and Biological testing from National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories (NABL) and has been Recommended for accreditation in the field of Chemical testing, Electrical testing and Electrical calibration. The Western Region Laboratory has also been assessed by NABL and recommended for accreditation in the fields of Chemical, Mechanical and Electrical disciplines.

प्रयोगशाला सलाहकार समिति

भामा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं के कार्य निष्पादन/ गतिविधियों की पुनरीक्षा करने के लिए दिनांक 27 फरवरी 1997 को नई दिल्ली में इस समिति की बैठक हुई । बैठक में भामा ब्यूरो द्वारा उद्योगों, सरकारी विभागों, उपभोक्ता संगठनों इत्यादि के लिए चरण बद्ध ढंग से परीक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराने का नीतिगत निर्णय लिया गया।

Laboratory Advisory Committee

The Committee met on 27 February 1997 at New Delhi and reviewed the performance/activities of BIS laboratories. Among the various policy decisions taken was opening up of BIS testing facilities to the industries, government departments, consumer organizations, etc, in a phased manner.

परीक्षण सुविधाओं का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन

वर्ष के दौरान मोहाली स्थित प्रयोगशाला में छिडकाव सिंचाई पद्वति के लिए पॉलीथिलीन पाईपों, निमज्जन जल तापक, और तापन अवयवों की परीक्षण सुविधाएँ जुटाई गयीं। केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद में रोड मार्किंग रोगन के लिए निघर्षण परीक्षण के प्रति टिकाऊपन और प्रतिरोधिता परीक्षण की सुविधा विकसित की गयी। बंगलौर प्रयोगशाला ने जी.एल.एस. लैम्पों के नमूनों के परीक्षण के लिए मानक जी.एल.एस लैम्पों को खरीदा।

मोहाली प्रयोगशाला के लिए विद्युत आपूर्ति 66 केवीए से 300 केवीए तक बढ़ायी गयी और चेन्नई प्रयोगशाला में एक 7.5 केवीए की यू.पी.एस. प्रणाली स्थापित की गयी। आई.ई.सी.ई.ई. – सी.बी. पद्धति के अनुसार परीक्षण सुविधा के उन्नयन के लिए चेन्नई प्रयोगशाला ने विद्युत ओवन, ऑक्सीजन/एयर बम परीक्षण उपकरण और ट्रैकिंग परीक्षण उपकरण प्राप्त किये।

Modernization and Upgradation of Test Facilities

During the year testing facilities for Polyethylene Pipes for Sprinkler Irrigation System, Immersion Water Heaters and Heating Elements were created in Mohali laboratory. Testing facilities for durability and resistance to wear test were developed for Road Marking Paints in Central Laboratory, Sahibabad. Bangalore laboratory procured Standard GLS Lamps for testing samples of GLS Lamps.

Electrical power supply for Mohali laboratory was augmented form 66 kVA to 300 kVA and one 7.5 kVA UPS system installed in Chennai laboratory. For upgrading the test facilities as per IECEE-CB Scheme Chennai laboratory procured electric oven, oxygen/air bomb test apparatus and tracking test apparatus.

दक्षता परीक्षण

भामा ब्यूरो ने दूध के पाऊडर में वसा अंश के परीक्षण हेतु आई.एस.ओ./आई.ई.सी. गाइड 43 के अनुरूप अपनी 5 प्रयोगशालाओं सहित 18 प्रयोगशालाओं के लिए दक्षता परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।
एन.ए.बी.एल. द्वारा आयोजित दक्षता परीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एशिया-पेसिफिक लैब एक्रेडिटेशन कोआपरेशन (ए.पी.एल.ए.सी.) द्वारा संचालित ए.एस.टी.एम.ए. 370-95 के अनुरुप धातु का तनन परीक्षण हेतु दक्षता परीक्षण कार्यक्रम में भामा ब्यूरो की केन्द्रीय प्रयोगशला

Proficiency Testing

BIS organised a proficiency testing programme for fat content in Milk Powder involving 18 laboratories, including 5 of its own in accordance with ISO/IEC Guide 43.
Mechanical testing section of BIS Central Laboratory participated in proficiency testing programme for tensile testing of metals as per ASTM A 370-95 conducted by Asia Pacific Lab Accreditation Co-operation (APLAC)

के यांत्रिक परीक्षण अनुभाग ने भाग लिया। एन.ए.बी.एल. द्वारा भेजी सूचना के अनुसार भामा ब्यूरो केन्द्रीय प्रयोगशाला की कार्यकारिता उच्च स्तर की पाई गई।

under the proficiency testing programme by NABL. The performance of BIS Central Lab was found to be of high order as per communication received from NABL.

अंशशोधन सुविधाएँ

वर्ष 1996-97 के दौरान केन्द्रीय प्रयोगशाला की अंशशोधन प्रयोगशालाओं (अभियांत्रिकी एवं विद्युत) ने एन.ए.बी.एल. प्रत्यायन प्राप्त करने में बहुत अच्छी प्रगति की। अंशशोधन प्रयोगशाला (अभियांत्रिकी) ने एन.ए.बी.एल. से लंबाई, द्रव्यमान, बल और दाब के पैरामीटरों के लिए पहले ही प्रत्यायन प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है। अंशशोधन प्रयोगशाला (विद्युत) का एन.ए.बी.एल. द्वारा मार्च 1997 के दौरान डी.सी. वोल्टेज, डी.सी धारा, ए.सी. वोल्टेज, ए.सी. धारा और प्रतिरोधिका (निम्न एवं उच्च) पैरामीटरों के लिए मूल्यांकन किया गया और प्रत्यायन के लिए संस्तुति की गई। वर्ष के दौरान विभिन्न उद्योगों/संगठनों से प्राप्त 83 उपकरणों का अंशशोधन किया गया।

Calibration Facilities

During 1996-97, both the calibration laboratories (Mechanical and Electrical) of CL have taken a good leap forward in getting NABL accreditation. The calibration laboratory (Mechanical) has already received the NABL Certificate of Accreditation for the parameters of Length, Mass, Force and Pressure. The calibration laboratory(Electrical) has been assessed by NABL auditors during March 1997 for the parameters of DC Voltage, DC Current, AC Voltage, AC Current and Resistance (Low & High) and is recommended for accreditation. During the year 83 equipments received from various industries/organizations were calibrated.

वर्ष के दौरान उप मानक वजन 20 कि.ग्रा. तक निर्धारित करने और एक मीटर मानक लंबाई प्राप्त की गयी और वह राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला में अंशशोधन के अधीन है।

Secondary Standard Weights set up to 20 kg and Secondary one metre Standard Length have been procured during the year and are under calibration at National Physical Laboratory.

अंशशोधन प्रयोगशाला कर्मियों को पुनःश्चर्या प्रशिक्षण और अग्रिम प्रशिक्षण नियमित अन्तराल में दिया जाता है। उन्हें राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लेने का मौका देते हुए माप विद्या में अद्यतन जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया जाता है।

The calibration laboratory personnel are given refresher training and advance training at regular intervals. They are also given exposure to the latest advancement in metrology by giving opportunity to attend the national and international level seminars.

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अधीन 'उपयुक्त प्रयोगशालाओं' का दर्जा देते हुए बाहरी प्रयोगशालाओं को मान्यता

राज्य सरकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे किसी उपयुक्त प्रयोगशाला को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत मान्यता तभी दें जब आवेदक की प्रयोगशाला को भामा ब्यूरो द्वारा मूल्यांकन करके अनुकूल पाया गया हो। इस संबंध में एक विस्तृत मार्गदर्शिका तैयार की गयी है और संबद्ध मंत्रालय को भेजी गयी है।

Recognition of Outside Laboratories as Appropriate Laboratories under Consumer Protection Act, 1986

The state governments are required to recognize a laboratory as an appropriate laboratory under Consumer Protection Act, 1986 only after the applicant laboratory has been assessed and found suitable by the Bureau of Indian Standards. Detailed guidelines for this purpose have been prepared and forwarded to the concerned Ministry.

प्रयोगशाला सूचना प्रबंध

मॉनीटरिंग और सुगम प्रचालन के लिए भामा ब्यूरो की प्रयोगशालाओं में उपलब्ध परीक्षण सुविधायें विभिन्न भारतीय मानकों के अनुसार भामा ब्यूरो द्वारा नियत किए गए परीक्षण प्रभार और मान्यता प्राप्त बाहरी प्रयोगशालायें, उनके यहां उपलब्ध परीक्षण सुविधायें और उनके परीक्षण प्रभार आदि पर डाटा बेस को तैयार/अद्यतन किया गया।

Laboratory Information Management

To facilitate monitoring and ease in operation data bases were created/updated on testing facilities available in BIS laboratories, testing charges against various Indian Standards as fixed by BIS, and outside laboratories recognized by BIS, testing facilities and their testing charges.

प्रशिक्षण सेवाएँ
TRAINING SERVICES

प्रशिक्षण संस्थान

भामा ब्यूरो द्वारा स्थापित राष्ट्रीय मानकीकरण एंव गुणता प्रबन्धन संस्थान (एन.आई.टी.एस.क्यू.एम.) ने वर्ष 1996-97 के दौरान 27 ओपन और संस्थागत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जो गुणता पद्धति आडिटिंग एवं प्रलेखन, आई.एस.ओ. 9000 जागरूकता, आई.एस.ओ. 9000 सांख्यिकी तकनीकें और लीड असेसर कोर्स आदि पर थे तथा उद्योग और सरकारी विभागों के लगभग 560 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया।

Training Institute

The National Institute of Training for Standardization and Quality Management (NITSQM), set up by BIS, conducted around 27 open as well as in-house training programmes on quality system auditing and documentation, ISO 9000 awareness, statistical techniques for ISO 9000 and lead assessors course, etc, during 1996-97 and trained about 560 personnel from industry and government departments.

विदेशी व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण

विकासशील देशों के लिए 9 अक्तूबर से 6 दिसम्बर 1996 तक मानकीकरण और गुणता पद्धति पर उन्नतीसवां अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 25 देशों के 38 मानक इंजीनियरों ने भाग लिया।

Training to Overseas Participants

Twentyninth International Training Programme in Standardization and Quality Systems for developing countries was organized from 9 October to 6 December 1996. 38 Standards Engineers from 25 countries, attended the programme.

बाहरी संगठनों के लिए सामूहिक प्रशिक्षण

रेलवे स्टाफ कालेज, वड़ोदरा के अनुरोध पर 8 से 12 अप्रैल 1996 तक मानकीकरण पर 5 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय रेलवे स्टोर सेवा के 8 प्रोबेशनरों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम रेलवे स्टाफ कालेज के परामर्श से बनाया गया।

Group Training for Outside Organizations

At the request of the Railway Staff College, Vadodara, a 5 days training programme in standardization for 8 probationers of Indian Railway Stores Services was organized from 8 to 12 April 1996. The programme schedule was designed in consultation with the Railway Staff College.

भामा ब्यूरो के लाईसेंसधारियों/आवेदकों और बाहरी प्रयोगशालाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

वर्ष 1996-97 के दौरान भामा ब्यूरो के लाईसेंसधारियों/आवेदकों के परीक्षण कार्मिकों के लिए घरेलू एलपीजी स्टोव, पैराफीन मोम, गीज़र, अग्निशामक उपस्कर और ताम्र मिश्रधातु के वाल्वों के परीक्षण के लिए केन्द्रीय और क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं में छः प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

Training Programmes for BIS Licensees/Applicants and Outside Laboratories.

For testing personnel of BIS licensees/applicants six training programmes were organized for testing of domestic LPG stoves, paraffin wax, gysers, fire fighting equipment and copper alloy valves in central and regional laboratories of BIS, during 1996-97

उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ
CONSUMER RELATED ACTIVITIES

भामा ब्यूरो ने अपनी गतिविधियों के संबंध में उपभोक्ता जागरूकता को प्रोत्साहन देने के लिए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और अपने क्षेत्रीय

BIS promoted consumer awareness regarding BIS activities by conducting consumer awareness programmes and

तथा शाखा कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से उपभोक्ता संगठनों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों और प्रदर्शनियों में भाग लिया।

by participation in seminars/workshops/ conferences and exhibitions organized by consumer organizations through its network of Regional and Branch Offices.

पुर्नगठित उपभोक्ता नीति सलाहकार समिति की पहली बैठक 19 मार्च 1997 को आयोजित की गई, जहाँ भारतीय मानकों के निर्धारण के लिए तकनीकी समितियों में उपभोक्ता संगठनों के भाग लेने वालों की वृद्धि की आवश्यकता पर बल देने हेतु विचार-विमर्श हुआ। उपभोक्ता कल्याण निधि और केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद् की बैठकों में भामा ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, यह देश में आम उपभोक्ता को संरक्षण प्रदान करने वाली एक शिखर संस्था है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भामा ब्यूरो कोपोलको के साथ सम्पर्क रखता है जो कि उपभोक्ता नीति पर आई.एस.ओ./आई.ई.सी. की परिषद् समिति है।

The first meeting of the reconstituted Consumer Policy Advisory Committee was held on 19 March 1997, where the need to increase participation of consumer organizations in the Technical Committees for formulation of Indian Standards was discussed. Meetings of Consumer Welfare Fund and Central Consumer Protection Council, the apex authority providing protection to common consumers in the country, were attended by senior officers of BIS. At the international level, BIS interacts with COPOLCO which is the ISO/IEC Council Committee on Consumer Policy.

उपभोक्ता दिवस

15 मार्च 1997 को विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 'उपभोक्ता कल्याण और पर्यावरण संरक्षण' विषय पर भामा ब्यूरो और नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केन्द्रीय खाद्य, नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव ने किया।

Consumer Day

On the occasion of World Consumer Day on 15 March 1997, an awareness programme on the theme 'Consumer Welfare and Environment Protection' was organized by BIS jointly with the Department of Consumer Affairs & Public Distribution, Ministry of Civil Supplies, Consumer Affairs and Public Distribution. The programme was inaugurated by Shri Devendra Prasad Yadav, Union Minister for Food, Civil Supplies, Consumer Affairs & Public Distribution.

साहित्य

विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर केन्द्रीय खाद्य, नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव ने भामा ब्यूरो द्वारा प्रकाशित 'अपने उत्पाद के बारे में जानिए' श्रृंखला के अन्तर्गत 'सीमेंट' विषय पर एक ब्रोशर का मोचन किया।

Literature

A brochure titled 'Cement' under the 'Know Your Product' series brought out by BIS was released by Shri Devendra Prasad Yadav, Union Minister for Food, Civil Supplies, Consumer Affairs & Public Distribution, on the occasion of World Consumer Day.

जन शिकायतें

उपभोक्ताओं से प्राप्त भामा ब्यूरो प्रमाणित उत्पादों के संबंध में शिकायतों का, सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों द्वारा शिकायतों पर हर महीने मासिक प्रगति दर्शाने वाली रिपोर्ट बनाने के लिए, पुनर्विचार और मॉनीटर किया जाता है। 31 मार्च 1997 को लंबित शिकायतों की संख्या 81 थी (देखें आकृति 5)।

Public Grievances

Complaints regarding BIS certified products received from consumers are being reviewed and monitored every month to provide monthly status report on complaints for all Regional and Branch Offices. The number of pending complaints were 81 as on 31 March 1997 (*see* Fig.5).



आकृति 5 31 मार्च को लम्बित शिकायतों की संख्या
Fig.5 Number of Complaints Pending as on 31 March

अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

INTERNATIONAL ACTIVITIES

अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आई.एस.ओ.)

आई.एस.ओ. की नीति निर्माता समितियों में से आई.एस.ओ. परिषद् और डेवको की बैठकों में भारतीय प्रतिनिधि-मण्डलों ने भाग लिया।

लंदन में 8-9 सितम्बर 1996 के दौरान डेवको की 30वीं बैठक और 10-12 सितम्बर 1996 को आई.एस.ओ. की 19वीं महासभा में नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री राजीव श्रीवास्तव और भामा ब्यूरो के अपर महानिदेशक श्री पा. सा. दास के रूप में दो सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने भाग लिया। आई.एस.ओ. महासभा में विचार-विमर्श का मुख्य विषय 1996-98 के लिए आई.एस.ओ. की दीर्घकालिक कार्यनीति का कार्यान्वयन था। दूसरा मुख्य पहलू क्यू.एस.ए.आर. का कार्यान्वयन था। क्यू.एस.ए.आर. परिषद् की पहली बैठक इस वर्ष हुई।

विकासशील देशों के लिए पर्यावरण प्रबन्ध पद्धति और गुणता पद्धति प्रबन्ध पर बैठकों में भाग लेने की स्वीकृति देने की डेवको की बैठक में प्रशंसा की गई।

International Organization for Standardization (ISO)

Amongst the policy making committees of ISO, the ISO Council and DEVCO meetings were attended by Indian delegates.

A two-member Indian delegation comprising Shri Rajiv Srivastava, Joint Secretary, Ministry of Civil Supplies, Consumer Affairs & Public Distribution and Shri P.S. Das, Additional Director General, BIS, attended the 30th Meeting of DEVCO during 8-9 September 1996 and 19th ISO General Assembly during 10-12 September 1996 both held in London. In the ISO General Assembly, the focus of the discussion was implementation of ISO's Long Range Strategies for 1996-98. Another important aspect was the implementation of QSAR. The first meeting of QSAR board took place in this year.

In the DEVCO meeting, the sponsorship made available to developing countries for attending meetings on Environment Management System and Quality System Management was appreciated.

अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग (आई.ई.सी.)

इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग की महासभाएँ ड्रेसडन, जर्मनी में हुईं। इन बैठकों में विद्युततकनीकी विभाग परिषद् के अध्यक्ष श्री ए. के. खोसला के नेतृत्व में एक छः सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने भाग लिया। आई.ई.सी. के प्रबन्धकीय ढाँचे के परिवर्तन पर विचार किया जा रहा है जो कि उनकी 1997 की बैठक में कार्यान्वित होगा, यह बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई है। भामा ब्यूरो 13 से 24 अक्तूबर 1997 तक नई दिल्ली में महासभा का अतिथेय कर रहा है जिसकी अभी से तैयारियाँ हो रही हैं।

International Electrotechnical Commission (IEC)

The General Meetings of IEC were held in Dresden, Germany this year. A six-member Indian delegation led by Shri A.K.Khosla, Chairman of Electrotechnical Divison Council attended the meetings. The management structure of IEC has been considerably changed which would be effectively implemented from their 1997 meetings which are to be held in New Delhi. BIS is hosting the General Meetings for 1997 in New Delhi from October 13 to 24 for which preparations are going on.

आई.एस.ओ./आई.ई.सी. तकनीकी समितियाँ/उपसमितियाँ

भामा ब्यूरो प्रतिनिधिमण्डलों ने आई.एस.ओ. और आई.ई.सी. की चुनींदा तकनीकी समितियों/उपसमितियों की बैठकों में भाग लिया, जो इस प्रकार हैं– आई.एस.ओ./टी.सी. 34/एस.सी. 8,

ISO/IEC Technical Committees/ Sub-Committees

BIS delegations participated in selected ISO and IEC technical committees/sub-committee meetings, i.e. ISO/TC 34/SC 8,

आई.एस.ओ./टी.सी. 38/ एस.सी. 12, आई.एस.ओ./टी.सी. 113, आई.एस.ओ./टी.सी. 120, आई.एस.ओ./टी.सी. 176, आई.एस.ओ./टी.सी. 176/एस.सी. 2, आई.एस.ओ./टी.सी. 207 और आई.ई.सी./टी.सी. 17।

आई.ई.सी./टी.सी. 61 'सेफ्टी ऑफ हाउसहोल्ड एण्ड सिमिलर इलैक्ट्रीकल एपलाइंसेस' की बैठक 18 से 22 नवम्बर 1996 तक नई दिल्ली में आयोजित की गई

अंडरराइटर्स प्रयोगशाला, कनाडा मानक एसोसियेशन (सी.एस.ए.), साउथ अफ्रिकन ब्यूरो ऑफ स्टैण्डर्ड्स

अन्य राष्ट्रीय मानक तथा प्रमाणन संगठनों की ओर से भामा ब्यूरो ने प्रमाणन गतिविधियों में और अधिक भाग लिया। अंडरराइटर्स प्रयोगशाला (यू.एल.), यूएसए के अन्तर्गत लाइसेंसधारी इकाईयों की संख्या जिनको भामा ब्यूरो प्रमाणन सेवा दे रहा है बढ़कर 237 हो गई। कनाडियन स्टैंडर्स एसोसिएशन (सी.एस.ए.) के अन्तर्गत लाइसेंसधारी यूनिटों की संख्या बढ़कर 67 और साउथ अफ्रिकन ब्यूरो ऑफ स्टैंडर्ड्स की 7 तक हो गई ।

इलैक्ट्रॉनिक संघटकों के लिए आई.ई.सी. गुणता मूल्यांकन पद्धति (आई.ई.सी.क्यू.)

अन्तर्राष्ट्रीय विद्युततकनीकी आयोग (आई.ई.सी.) की आई.ई.सी.क्यू. प्रमाणन योजना के अन्तर्गत भामा ब्यूरो राष्ट्रीय मानक संगठन (एन.एस.ओ.) और राष्ट्रीय प्राधिकृत संस्था (एन.ए.आई.) के रूप में कार्य कर रहा है। इस योजना के अन्तर्गत 29 निर्माता इकाईयों और 4 प्रयोगशालाओं को अनुमोदन प्रदान किए गए हैं।

आई.ई.सी.ई.ई. सी.बी. योजना

आई.ई.सी. के द्वारा चलाई गई आई.ई.सी.ई.ई. सी.बी. योजना के अन्तर्गत भामा ब्यूरो राष्ट्रीय प्रमाणन कार्य संस्था (एन.सी.बी.) है। इस पद्धति के अन्तर्गत अब तक केवल एक निर्माता को प्रमाणपत्र स्वीकृत किया गया है। इस वर्ष के दौरान एक और आवेदनपत्र प्राप्त हुआ है।

भारत-ई.ई.सी. सहयोग कार्यक्रम

भामा ब्यूरो केन्द्रीय प्रयोगशाला–साहिबाबाद के खाद्य एवं विद्युत उपकरण अनुभागों का उन्नयन भारत-ई.ई.सी. सहयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। भारत-यूरोपियन आयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत ऊर्जा प्रबन्ध के अध्ययन के लिए नीदरलैंड और डेनमार्क में अध्ययन मिशन में भारतीय प्रतिनिधि-मंडल ने भाग लिया।

ISO/TC 38/SC 12, ISO/TC 113, ISO/TC 120, ISO/TC 176, ISO/TC 176/SC 2, ISO/TC 207 and IEC/TC 17.

Meeting of IEC/TC 61 'Safety of household & similar electrical appliances' was held at New Delhi from 18 to 22 November 1996.

Underwriters Laboratories, Canadian Standards Association (CSA), South African Bureau of Standards

BIS participation in certification activities on behalf of other National Standards and Certifying Bodies registered a sharp increase. The number of units under licence from Underwriters Laboratories (UL), USA to which BIS is offering certification services rose to 237. The corresponding number of licensee units under Canadian Standards Association (CSA) also rose to 67 and for South African Bureau of Standards to 7.

IEC Quality Assessment System for Electronic Components (IECQ)

Under the IECQ Certification Scheme of the International Electrotechnical Commission (IEC), BIS is both the National Standards Organization (NSO) and the National Authorised Institution (NAI). The number of approvals granted under the scheme comprises of 29 manufacturing units and 4 laboratories.

IECEE CB Scheme

Under the IECEE CB Scheme, also operated by the IEC, BIS is the National Certifying Body (NCB). Till date only one manufacturer has been granted certificate under the Scheme. One more application has been received under the scheme during the year.

INDO-EEC Cooperation Programme

The Food and Electrical Appliances Sections of BIS Central Laboratory, Sahibabad have been upgraded under the Indo-EEC Cooperation Programme. An Indian delegation attended a Study Mission at Netherlands and Denmark to study Energy Management under the Indo-European Cooperation Programme.

प्राप्त करायी जा सकेगी।

place useful consumer information on-line.

प्रलेख तैयार करने संबंधी सुविधाएँ

शक्तिशाली वर्ड प्रोसेसर जैसे एम.एस वर्ड 6.0, वर्ड परपेक्ट 5.1 और अन्य एम.एस-आफिस 4.3 सोफ्टवेयर के माध्यम से प्रलेख तैयार करने की सुविधाएँ बढ़ाई गई।

Document Preparation Facilities

Capability of document preparation facilities were enhanced through induction of powerful word processors like MS-Word 6.0, Word Perfect 5.1 and other software of MS-Office 4.3.

कंप्यूटरीकरण और कार्यालय स्वचलन सुविधाएँ

आई.ई.सी. महासभा 1997, जिसका अक्तूबर 1997 के दौरान भारत अतिथेय कर रहा है, की तैयारियाँ करने के लिए, मुख्यालय के विभिन्न विभागों में पेंटीयम आधारित छह पी.सी. और सात लेज़र प्रिंटर उपलब्ध कराए गए।

Computerization and Office Automation Facilities

For making preparations for the IEC General Meetings 1997, being hosted by India during October 1997, arrangements were made to provide various departments at Headquarters with six numbers of pentium based PCs and seven numbers of Laser Printers to augment the existing facility.

सिस्टम और डाटा प्रोसेसिंग का विकास

कर्मचारियों के लेखों को बिना अधिक प्रयास के अद्यतन करने की दृष्टि से मुख्यालय के कर्मचारियों के वेतन डाटा बैंक को फ्लापी पर उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान में उपलब्ध सॉफ्टवेयरों में वृद्धि की गई।

वर्ष के दौरान, अग्नि शमन, मामा ब्यूरो प्रलेखों की इलैक्ट्रॉनिक स्टोरेज और पुर्नप्राप्ति पद्धति और समेकित प्रबन्ध सूचना पद्धति संबंधी परियोजनाओं का कार्य भी प्रगति पर रहा।

Development of Systems and Data Processing

The existing application software was augmented to make available the salary data of Headquarters on a floppy disk to the bank to update the individual employee accounts without excessive effort.

Projects on expert system for fire fighting, electronic storage and retrieval system for text of BIS documents and integrated management information system also made steady progress during the year.

वित्त, लेखा और लेखा-परीक्षा
FINANCE, ACCOUNTS AND AUDIT

ब्यूरो लगातार आठवें वर्ष भी बिना किसी भारत सरकार की बजट संबंधी सहायता के अपने गैर योजना व्यय को वहन करने के लिए आत्मनिर्भरता के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रहा।

For the eighth consecutive year, BIS achieved the goal of self reliance in meeting its non-plan expenditure without any budgetary support from the Government of India.

राजस्व (गैर-योजना)

